


नवभारत
इंदौर, शनिवार, 05 जुलाई, 2025
04


## एक नजर में

### शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया



**महेश्वर।** नर्मदा तटवर्ती योजना अंतर्गत नगर महेश्वर के विक्रम कृष्णा खेल प्रसाल के पास 20 शीटर शौचालय का निर्माण कार्य का भूमि पूजन अध्यक्ष प्रतिनिधि गजराज यादव उपाध्यक्ष सचिन शर्मा मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रियंक पंड्या के करकमलो द्वारा किया गया भूमि पूजन कार्यक्रम में पार्षद शेरू अंसारी स्वप्निल गुप्ता शैलेन्द्र जैन विक्रम यादव राज यादव एवं मनोज पाटीदार उपस्थित रहे कार्यक्रम में नगर परिषद के कर्मचारी सब इंजीनियर हरिनारायण पाटीदार स्वच्छता प्रभारी महेश गहलोत एनुअल के विजयलक्ष्मी कानूनगो मनीष वर्मा मनीष उपाध्याय उपस्थित रहे द्य मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि उक्त शौचालय की लागत 24 लाख रुपए होगी इसमें 20 सीटर शौचालय एवं बाथरूम तथा 10 सीटर यूरिनल एवं केयरटेकर रूम का निर्माण होगा द्य सामुदायिक शौचालय निर्माण होने पर पर्यटकों एवं नागरिकों को सुविधा उपलब्ध होगी

### समाजसेवियों की सहभागिता से शासकीय विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को मिलेगा बल : बीआरसी



**कसरावद।** यदि समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और पालकगण शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने हेतु आगे आएं, तो निश्चित ही सरकारी स्कूलों की छवि और बच्चों का भविष्य दोनों ही उज्वल होंगे, यह बात विकासखंड संसाधन समन्वयक (बीआरसी) राजाराम कंदोड़े ने कही। यह अवसर था नगर के प्राथमिक विद्यालय क्रमांक 03 में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम का, जहाँ समाजसेवी रवि भालसे ने अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में परिवार सहित विद्यालय पहुँचकर बच्चों को छाते और चॉकलेट वितरित किए। मानसून के इस मौसम में छाते बच्चों की महती आवश्यकता बन चुके हैं। बीआरसी ने बताया कि बारिश के कारण कई बच्चे विद्यालय आने से वंचित रह जाते थे, लेकिन अब जब उनके पास सुरक्षा है, वे न केवल नियमित रूप से विद्यालय आएंगे बल्कि नामांकन दर में भी वृद्धि होगी। इस सेवा कार्य से बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आ रही थी। कार्यक्रम में समाजसेवी जितेंद्र पाटीदार, सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर सराफ, बीएसी परमानंद पठौते, जनशिक्षक प्रवीण कुशवाह, शिक्षक विजय वर्मा, सुनीता वर्मा, शाकिर पठान, दुर्गा चौहान एवं माधुरी मंडलोई भी उपस्थित रहे।

### दो दिवसीय गणित विषय का प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनरों दिया



**गोगावा।** जनपद शिक्षा केंद्र गोगावां में माध्यमिक शिक्षकों का 2 दिवसीय ब्लॉक स्तरीय गणित विषय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 26 शिक्षक शामिल हुए। इस प्रशिक्षण में कक्षा 6 टी की नवीन पाठयपुस्तक ' गणित प्रकाश ' की विषयवस्तु पर प्रशिक्षण राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर कमल मालसे व सतीश पाटीदार द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान विकासखंड शिक्षा अधिकारी राहुल पाध्ये ने शिक्षकों से प्रशिक्षण की जानकारी प्राप्त की एवं विषय को रोचक बनाने के तरीकों से शिक्षकों को अवगत करते हुए मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण का ब्लॉक स्तरीय आयोजन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक श्री विवेक शर्मा के निर्देशन में बीएसी विवेक पांडेय एवं महेश जायसवाल द्वारा किया गया ।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों के बैंक खातों में पहुंची राशि



**मंडलेश्वर।** मध्य प्रदेश सरकार ने हायर सेकंडरी परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के बैंक खातों में एक साथ 25000 रुपए की राशि का अंतरण किया ।इस योजना में 95 हजार विद्यार्थियों को लाभ मिला है ।कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय सभागार भोपाल में आयोजित गरिमामय समारोह में मुख्य मंत्री डॉ मोहन यादव ने विद्यार्थियों के खातों में लैपटॉप खरीदने के लिए राशि भेजी है ।इस समारोह का नगर के दोनों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के लाइव प्रसारण दिखाया गया ।इस कार्यक्रम को सभी विद्यार्थियों को दिखाया गया ।मुख्यमंत्री के भाषण को विद्यार्थियों ने काफी पसंद किया ।शिक्षकों का भी मानना है कि आज का भाषण सबसे प्रभावी भाषण था ।कुशा भाऊ सभागार में जिस वक्त प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित किया जा रहा था उस समय विद्यालय में भी टी वी स्क्रीन के सामने प्रतिभावान विद्यार्थियों को शिक्षकों द्वारा पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया ।महात्मा गांधी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडलेश्वर के प्रभारी प्राचार्य मनीष डोंगरे ने बताया कि विद्यालय के छात्र हिमांशु केवट पीयूष मनावरे किशन केवट गोविंद भदौरिया वंशराज चौहान और युवराज केवट को लेपटॉप योजना का लाभ मिला है उनके बैंक अकाउंट में 25 हजार रुपए जमा हुए है ।शासकीय कन्या उमावि मंडलेश्वर की प्रतिभावान छात्राओं भावना घामले,पायल पटेल ,पूजा गंगारेकर, कौसर खान ,रेणुका सिसोदिया , शिवानी वर्मा , आरती प्रेमसिंह ,शिवानी संतोष, कोमल इंदरसिंह , प्राची नानूराम , विशाली रणछोड़ , लक्ष्मी विजय को लैपटॉप खरीदने के लिए बैंक खाते में राशि प्राप्त हुई है शबनम खान दीपक चौबे और सुश्री मेघना कानूनगो द्वारा विद्यार्थियों का सम्मान किया गया।

### 65 लीटर लिमड़ी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**खरगोन।** भगवानपुरा थाना पुलिस ने अवैध रुप से लिमड़ी शराब बनाकर बेचने वाले को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 65 लीटर शराब बरामद की गई है ।पुलिस से मिली जानकारी अनुसार भाट बेड़ा ग्राम करही का रहने वाला सुरेश पिता अमरसिंह वास्कले ने अपने घर के पास लिमड़ी शराब का संग्रहण किया था, इसी सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा। पकड़ में आए सुरेश के कब्जे से प्लास्टिक की ड्रम और केन से कुल 65 लीटर अवैध लिमड़ी कच्ची शराब कीमती लगभग 6500 रुपये को जब्त कर प्रकरण दर्ज किया है।

# प्रियदर्शिनी स्कूल बोरावां के विद्यार्थियों ने सीखा हथकरघा बुनाई का हुनर

11 वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य में 'मेरा हथकरघा, मेरा अभिमान' थीम पर कसरावद आर्ट क्लस्टर ग्राम सायता में हुआ एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

**खरगोन। 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर बुधवार 2 जुलाई 2025 को कसरावद तहसील के आर्ट क्लस्टर ग्राम सायता स्थित कसरावद कला समूह में एक विशेष क्प्ल् ( स्वयं करें ) कार्यशाला का आयोजन किया गया। मेरा हथकरघा, मेरा अभिमान थीम पर आधारित इस कार्यशाला में प्रियदर्शिनी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, बोरावां के कक्षा 11वीं एवं 12वीं वाणिज्य संकाय के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की ।**



कार्यशाला का उद्घाटन राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम (एनएचडीसी) लिमिटेड के प्रबंध निदेशक कमोडोर राजीव अशोक (सेवानिवृत्त) द्वारा किया गया। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने भारतीय हथकरघा की सांस्कृतिक विरासत और इसके संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया । कार्यशाला में उपस्थिति विद्यार्थियों ने लाइव डेमो के माध्यम से पारंपरिक हथकरघा बुनाई की तकनीकों का बारीकी से निरीक्षण कर बुनाई कार्य में भाग लिया। विशेषज्ञों द्वारा हथकरघा उद्योग से जुड़े रोजगार व स्टार्टअप के अवसरों, 'वोकल फॉर लोकल' अभियान और सतत विकास के पहलुओं पर भी जानकारी साझा की गई।

इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री अरूण यादव एवं मप्र सरकार में पूर्व कृषि मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने प्रेषित अपने संदेश में कहा कि इस प्रकार के आयोजन शैक्षणिक विविधताओं के साथ ही विद्यार्थियों के व्यवहारिक ज्ञान के उन्नयन में सहायक होते हैं । साथ ही उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर भी प्रेरित करते हैं । संस्थान के प्राचार्य डॉ. नितिन मिश्रा ने बताया कि यह कार्यशाला संस्था के विद्यार्थियों के लिए न केवल भारत की समृद्ध हस्तकला परंपरा को जानने का अवसर बनी, बल्कि छात्रों को उद्यमशीलता और नवाचार की दिशा में प्रेरित किया। उप प्राचार्य संजेश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला में विद्यार्थियों के साथ ही विद्यालय के शिक्षक दीपक राव एवं जितेन्द्र कुमार भी उपस्थित रहे ।

#### विद्यार्थियों को कारीगरों से सीधे संवाद का अवसर मिला

विद्यार्थियों को स्थानीय बुनकरों एवं कारीगरों से सीधे संवाद करने का अवसर भी मिला, जिससे उन्होंने ग्रामीण जीवन, शिल्प कौशल और हथकरघा से जुड़ी आजीविका को गहराई से समझा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। वस्त्र मंत्रालय एवं राष्ट्रीय हथकरघा विकास निगम लिमिटेड द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण के साथ-साथ व्यावसायिक दृष्टिकोण से भी अत्यंत लाभकारी रही।

## ठेकेदार ही निकला नल जल योजना पाईप चोरी का मास्टरमाइंड

### 27 लाख 48 हजार रुपए के पाईप के साथ 3 गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**खरगोन। जिले के बलकवाड़ा में चल रही महती नल-जल योजना के लिए कंपनी द्वारा बुलवाए गए लाखों रुपए मूल्य के भारी-भरकम पाईप चोरी जाने के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। यह चोरी किसी ओर ने नही बल्कि निर्माण एजेंसी के ठेकेदार ने ही अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर की थी।**





बलकवाडा थाना पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 24 जून 25 को कंपनी के मैनेजर और असिस्टेंट मैनेजर ने दो अलग-अलग 143 पाईप चोरी के प्रकरण दर्ज कराए थे। इस मामले में सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए। योजनाबद्ध तरीके से कड़ी दर कड़ी जोड़ते हुए पंकज पिता रामकिशोर परिहार निवासी ग्राम पिपरोली गडिया जिला इटावा उप्र को अभिरक्षा में लिया गया। पंकज ने चेतन पिता रामस्वरुप गुर्जर निवासी ग्राम श्योपुर थाना नरेना जिला जयपुर राजस्थान एवं मोरध्वज पिता मोतीलाल चौधरी निवासी ग्राम जटवाडा थाना खैल्ली जिला अलवर राजस्थान के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। तीनों ने पूछताछ में बताया किए उन्होंने चोरी किए गए 91 पाईप जाम गेट के पास जंगल में एवं 52 पाईप भोपाल होशंगाबाद रोड शाहगंज फाटा ब्रिज के नीचे बेचने के लिए छुपाकर रखा है। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गए 143 पाईप के साथ ही घटना में प्रयुक्त 01 जेसीबी मशीन एवं 01 बोलेरो को जब्त कर गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।



### दिनभर चला रिमझिम बारिश का दौर, मौसम में घुली ठंडक

**खरगोन।** पिछले करीब एक सप्ताह से थमा बारिश का दौर शुक्रवार को फिर शुरु हुआ है। सुबह से ही रिमझिम बारिश शुरू हो गई, जो देर रात तक रुक.रुककर चलता रहा। बारिश के चलते लोगों को छाते और रेनकोट का सहारा लेना पड़ा। हालांकि अधिकततम तापमान 30. 2 डिग्री रहा, जबकि न्यूनतम 18 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले एक सप्ताह से मानसून लगभग थम सा गया था। इसके चलते तापमान भी बढने् लगा था और लोग गर्मी और उमस से बेचैन होने लगे थे, लेकिन एक बार फिर मौसम के बदलाव से लोगों ने राहत महसूस की है। शुक्रवार को बारिश के चलते मौसम सुहावना बना रहा।

### छात्र मधुरेश ने 12 वी बोर्ड में हासिल किए 98 . 4 प्रतिशत अंक, रिचेकिंग में बढ़े 3 फीसदी

भंडारी परिवार ने छात्र की उपलब्धि पर जताई खुशी

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** शहर के थोक किराणा व्यवसायी मनीष भंडारी के पुत्र और समाजसेवी नवनीत भंडारी के पोते मधुरेश ने सीबीएसई 12 वी बोर्ड परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया है। यह अंक मधुरेश के रिचेकिंग के लिये भरे गए फार्म के बाद मिले है।



श्री दामखेड़ा नाग मंदिर, श्री शिव डोला समिति, श्री राधाकुंज मांगलिक परिसर के अध्यक्ष एवं मानवाधिकार के सदस्य नवीनतलाल भंडारी ने बताया मधुरेश मनीष भंडारी ने बुरहानपुर के मेक्रो विजान एकेडमी से कक्षा 12वीं सीबीएसई पाठ्यक्रम में 98.4 प्रतिशत अंक हासिल किये है। सीबीएसई के जारी परिणामों में उसे 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए थे, लेकिन मधुरेश परिणाम से संतुष्ट नहीं था और उसने पुन-चेकिंग का फॉर्म भरा। इसके बाद उसके अंको में तीन फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह एकेडमी में अब तक का सर्वोच्च परिणाम रहा है। श्री भंडारी ने बताया कि सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में रिचेकिंग के बाद 98 प्रतिशत से अधिक अंक मिलना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। यह दिखाता है कि छात्र ने अपनी मेहनत और लगन से परीक्षा दी थी और उसे उसका फल मिला है। मधुरेश ने सभी विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह छात्र ओर परिवार के साथ समाज के लिए एक गर्व का क्षण है और उसके भविष्य के लिए एक प्रेरणा भी है। मधुरेश को परिवार सहित समाजजनों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।



### डॉ . श्यामाप्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संगोष्ठी में रखें विचार

नवभारत न्यूज

**खरगोन।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक व अध्यक्ष डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने जम्मू.कश्मीर में एक विधान, एक प्रधान व एक निशान की मांग को लेकर आंदोलन किया। कश्मीर से धारा 370 हटाने की जोरदार वकालत की। वे सच्चे अर्थों में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे। उनका व्यक्तित्व व कृतित्व हम सभी के लिए सदैव अनुकरणीय है।

यह बात भाजपा जिला कार्यालय पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष शिक्षाविद् व चिंतक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता व पूर्व विधायक बाबुलाल महाजन ने कही। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शंभूसिंह मनहर ने कहा डॉ. मुखर्जी जम्मू कश्मीर को भारत का पूर्ण और अभिन्न अंग बनाना चाहते थे। उस समय जम्मू कश्मीर का अलग झंडा, अलग संविधान था। डॉ. प्रसाद की योग्यता, शिक्षा, समर्पण आदि अनुकरणीय है। जिला उपाध्यक्ष श्री इंगले ने भी अपने विचार रखें।

## बासवा में हुआ राजेन्द्र जैन, सुनीता रावत का विदाई समारोह

- बासवा का हमेशा ऋणी रहूँगा : राजेन्द्र जैन
- जैन सर आप बासवा को हमेशा दिल में रखिये- बीईओ रेवाराम वर्मा



नवभारत न्यूज

**बिस्टान निप्र।** शासकीय हाई स्कूल हाई स्कूल बासवा में अनेक वर्षों से सेवाएं प्रदान कर रहे माध्यमिक शिक्षक राजेन्द्र जैन महावीर सहायक शिक्षिका सुनीता रावत का विदाई समारोह विद्यालय परिवार बासवा द्वारा किया गया। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रेवाराम वर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि कि जैन सर को में वर्षो से जानता हूं वे बासवा विद्यालय के प्रति समर्पित रहे है, उनके कार्यों को प्रदेश स्तर तक सराहना मिली है ,वे हमेशा बासवा विद्यालय में आते रहे बासवा को हमेशा दिल में रखे।

**27वर्ष बासवा में पदस्थ रहे राजेन्द्र जैन :** सम्मान के प्रत्युत्तर में राजेन्द्र जैन महावीर जैन ने कहा कि उन्होंने 1998 में शिक्षाकर्मी के रूप में शा. प्रा. विद्यालय गणेशपुरी बासवा में 2015 से माध्यमिक शिक्षक के रूपमें शा. हाई स्कूल बासवा में सेवाए दी।

लगभग 27 वर्ष बासवा ग्राम का जो स्नेह, प्रेम, आत्मीयता मिली वह भूल नही पाँऊगा हमेशा ग्राम वासियों का ऋणी रहूँगा। सुनीता रावत ने कहा कि वो सन 1989 से 2025 तक 35 वर्ष यहाँ कार्यरत रही, बासवा मेरा जन्म स्थान है,मेरा आत्मीय लगाव इस ग्राम से हमेशा बना रहेगा।

**जैन सर के आदर्श बनाकर रखेगें: मुकेश राठौर :** विद्यालय में नवागत माध्यमिक शिक्षक मुकेश राठौर ने कहाकि जैन सर ने अपने कार्यों से विद्यालय की पहचान हर स्तर पर बनाई है हम उनके कार्य और आदर्श जारी रखेगें। माध्यमिक शिक्षक दिनेश राठौर ने कहा कि जैन सर और रावत मेडम की कमी विद्यालय में हमेशा रहेगी। उनके कार्य , व्यवहार, सकारात्मक सोच से विद्यालय में सबको सीखने को मिला है। नवागत शिक्षक हुकुम पटेल ने कहा कि वे विद्यालय को आगे लेकर जाएगें।

सहायक शिक्षक बालकराम रावत ने कहा कि परिवर्तन संसार का नियम है अच्छे व्यक्ति जहाँ जाएंगे वहाँ प्रकाश फैलाएंगे। जैनसर व रावत मेडम के साथ वर्षो काम किया है जो याद रहेगा। इस अवसर पर बीईओ कार्यालय प्रभारी यतीन्द्र जोशी,विद्यालय प्रभारी प्राचार्य रमेश पंवार ,ममता मेहरा मोहम्मद अय्युब कुरैशी, दिनेश राठौर, मुकेश राठौर ,हुकुम पटेल, संध्या किराड़े, अनुपमा जैन, , इंजीनियर मोर्य , झनुकाबाई सोलंकी, फूल कुंवर शारदे व विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि शासकीय हाई स्कूल बासवा का एकीकरण होने से श्री जैन व श्रीमती रावत अतिशेष की श्रेणी में आ गए थे जिन्होंने स्वैच्छिक रूप से महाराणा प्रताप शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल, बोधगांव व शासकीय प्राथमिक विद्यालय चितावद में स्थानांतरण लिया। प्रभारी प्राचार्य रमेश पंवार ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए नवागत शिक्षक मुकेश राठौर ,हुकुम पटेल का स्वागत किया। संचालन दिनेश राठौर ने किया।

## एक नजर में

### सैकड़ों समाजजन ने थाने पहुंचकर दिया ज्ञापन

# निहाल समाज ने युवती की मौत पर पुलिस से की निष्पक्ष जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**गोगावा। गत 20जून को थाना क्षेत्र के ग्राम बिलखेड बुजुर्ग में 16वर्षीय युवती की गुमशुदगी के बाद उसका शव बारह खड़ी नदी में तैरता हुआ पुलिस को मिला था युवती तनीषा पिता अनोप सोलंकी निवासी बिस्टान 20जून की सुबह को अपनी नानी के घर से ई - बाइक लेकर गोगावा ई केवाईसी करवाने के लिए निकली थी।**



बताया जा रहा हैं की उक्त युवती अपनी नानी के यहां रहकर गोगावा की कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में कक्षा 12वी कक्षा में अध्यनरत थी 20जून को नानी नन्नी बाई खेत में मजदूरी करने गई थी शाम को जब घर लौटी तो तनीषा घर पर नही पहुंची थी उसे तलाश किया कोई पता नहीं चला थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई गई ग्रामीणों ने बिलखेड़ ग्राम के समीप बने बायपास कच्चे रस्ते पर युवती की बाइक सुनी अवस्था में खड़ी देखी थी आसपास तलाशी करने पर नदी किनारे सुनसान झाड़ियों में बाइक की चाबी व काले रंग का दुपट्टा मौके पर पड़ा था युवती की तलाश करते करते तब तक अंधेरा हो गया था अगले दिन सुबह परिजन फिर से तनीषा की खोजबीन में नदी किनारे पहुंचे खोजते खोजते इसी दौरान परिजनो को तनीषा का शव पानी में तैरता हुआ दिखा गोगावा पुलिस को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था । परंतु 15दिन बीतने के बाद भी पुलिस की कार्य प्रणाली से परिजन संतुष्ट नहीं थे उधर शुक्रवार को ही निहाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम सोलंकी व जिला अध्यक्ष बलीराम वर्मा के नेतृत्व मे परिजनो व समाज के सैकड़ों लोगों ने पुलिस की कारवाई से असंतुष्ट होते हुए मांगलिक भवन में समाज जनो की बैठक बुलाकर पुलिस से निवेदन करते हुए प्रत्येक बिंदु पर युवती की मौत की निष्पक्ष जांच करने की मांग करते हुए एक ज्ञापन थाना प्रभारी मंशाराम रोमडे को दिया गया।

#### जांच आना बाकी है

थाना प्रभारी मंशाराम रोमडे ने बताया कि युवती की पीएम रिपोर्ट आ गई है पानी व सीडीआर की जांच आना बाकी हे परिजनों को आश्वस्त किया गया है कि मर्ग में जो भी साक्ष आयेंगे उसपर कारवाई जरूर होगी इसमें कोई ढिलाई नही बरती जाएगी ।